समाचार

एन.पी.आर. डाटा बेस अद्यतन करने दिया जा रहा प्रशिक्षण

(निगम कार्यालय साकेत में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी कर्मचारी)

कोरबा 07 नवम्बर 2015 –राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर डाटा बेस को अद्यतन करने हेतु नियुक्त किये गये प्रगणकों व अधिकारियों को 06 नवम्बर से 08 नवम्बर तक कार्य का सघन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभागार में प्रतिदिन दो पलियों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराया जा रहा है। कार्य हेतु नियुक्त जिन अधिकारी कर्मचारियों ने अभी तक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है, वे अनिवार्य रूप से 08 नवम्बर को दिये जाने वाले अंतिम प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त कर लेवें।

निगम के राजस्व अधिकारी श्री एन.एस.करपे ने बताया कि राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर(एन.पी.आर) डाटा बेस का अद्यतन करने हेतु प्रगणकों एवं अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, इन अधिकारियों व प्रगणकों को कार्य का सघन प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 06 नवम्बर से 08 नवम्बर तक प्रतिदिवस दो–दो पलियों में लगभग 600 अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिये जाने का कार्यक्रम तैयार कराया जाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 06 एवं 07 नवम्बर को दो–दो पलियों में यह प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया है, 08 नवम्बर को प्रशिक्षण का अंतिम दिवस होगा तथा यह प्रशिक्षण प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक दिया जाएगा। उन्होने बताया कि अभी भी कुछ प्रगणक एवं अधिकारी किन्ही कारणोंवश उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हो पाए है, अतः इस कार्य हेतु नियुक्त ऐसे अधिकारी कर्मचारियों से कहा गया है कि वे 08 नवम्बर को आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त कर लेवे।